# करदे किरपा की मुझपे नज़र सांवरे भजन लिरिक्स

करदे किरपा की मुझपे,
नज़र सांवरे,
यूँ ही आता रहूं,
तेरे दर सांवरे,
प्यार तेरा मुझे,
यूँ ही मिलता रहे,
तेरा पाता रहूं मैं,
दरश सांवरे,
करदे किरपा की मुझ पे,
नज़र सांवरे।bd।

तर्ज – छोड़ दे सारी दुनिया।

---

खाटू में तेरा मंदिर,
है न्यारा प्रभु,
तेरे भक्तों को लगता,
है प्यारा प्रभु,
जो भी आया है,
तेरे दर पे प्रभु,
तूने जीवन है उसका,
संवारा प्रभु,
सुनले विनती को मेरी,
मेरे सांवरे,
तेरा करता रहूं मैं,
भजन सांवरे,
करदे किरपा की मुझ पे,
नज़र सांवरे।bd।

---

जिंदगी में मैं ठोकर,
हूँ खाया बहुत,
और अपनों का हूँ मैं,
सताया बहुत,
कहते है हारे का साथी,
तुमको प्रभु,
तेरी महिमा को सुनकर,
हूँ आया बहुत,
मेरी नैया को भी,
पार करदे प्रभु,
मैं भी आया हूँ तेरी

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

शरण सांवरे,
करदे किरपा की मुझ पे,
नज़र सांवरे।bd।

---

तेरे चरणों में 'आनंद' की,
विनती है ये,
मुझको रखना तुम अपनी,
शरण सांवरे,
जोड़कर हाथ तुमसे,
ये कहता प्रभु,
मेरी गलती को करना,
क्षमा सांवरे,
तेरी गाए भजन,
'खुशी' होके मगन,
**Bhajan Diary Lyrics,**
तेरे चरणों में बीते,
उमर सांवरे,
करदे किरपा की मुझ पे,
नज़र सांवरे।bd।

---

करदे किरपा की मुझपे,
नज़र सांवरे,
यूँ ही आता रहूं,
तेरे दर सांवरे,
प्यार तेरा मुझे,
यूँ ही मिलता रहे,
तेरा पाता रहूं मैं,
दरश सांवरे,
करदे किरपा की मुझ पे,
नज़र सांवरे।bd।

**Singer – Harshika Mangal**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com